SLIM मून मिशन
अब जापान चाँद पर

- JAXA के बारे में :-
  - स्थापना 1 अक्टूबर 2003
  - मुख्यालय- चोफू, टोक्यो, जापान।

अंतरिक्ष एजेंसी- जापान एक्सप्लोरेशन एजेंसी (JAXA)

रॉकेट H-2A

लैंडर - स्मार्ट लैंडर फॉर इन्वेस्टिगेटिंग मून (SLIM)

SLIM का वजन लगभग 200 किलोग्राम

खर्च करीब 102 मिलियन डॉलर

JAXA द्वारा चंद्रमा पर उतरने का यह पहला प्रयास है

4 से 6 महीने में चंद्रमा की सतह पर पहुंचने की उम्मीद है

Mission में हाई टेक्नोलॉजी के कैमरे लगे हुए

SLIM को एक्स-रे इमेजिंग और स्पेक्ट्रोस्कोपी मिशन (XRISM) अंतरिक्ष दूरबीन के साथ लॉन्च किया गया है।

अगर जापान का यह मिशन सफल रहता है तो वह चंद्रमा पर उतरने वाला पांचवा देश बन जाएगा।

कौटिल्य एकेडमी
www.kautilyaacademy.com IAS·IPS·MPPSC·CJ-II

मुख्यमंत्री जन आवास योजना

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि शीघ्र ही प्रदेश में मुख्यमंत्री जन आवास योजना लागू की जा रही है।

वो गरीब जिनके नाम प्रधानमंत्री आवास तथा आवास प्लस में शामिल नहीं हो सके हैं, उन्हें इस योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध कराए जाएंगे।

इसमें भूखंड देने के अलावा हाइराइज बिल्डिंग बनाकर आवास उपलब्ध कराए जाएंगे।

भारत का पहला UPI ATM लॉन्च

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) के सहयोग से भारत का पहला UPI एटीएम मुंबई से लांच कर दिया गया है।

इसकी मदद से अब बिना डेबिट या एटीएम कार्ड के आप यूपीआई के जरिए कैश निकाल सकते है।

जापानी कंपनी हिताची पेमेंट सर्विसेज ने नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) के साथ मिलकर एक व्हाइट लेवल यूपीआई-एटीएम लॉन्च किया है।

यह UPI एटीएम सुविधा अभी केवल व्हाइट लेबल एटीएम (WLA) पर शुरू की गयी है।

व्हाइट लेबल एटीएम वो एटीएम होते है जिनका संचालन गैर-बैंकिंग संस्थाओं द्वारा किया जाता है।

इस UPI एटीएम सुविधा की मदद से यूजर मल्टीपल अकाउंट से कैश निकाल सकते है। अभी यह सुविधा नॉन बैंकिंग कंपनियों द्वारा संचालित किया जा रहा है।